नईदुनिया

बाजार में बिक रहा नकली कॉस्मेटिक प्रोडक्ट, 1.20 लाख का सामान जब्त, मुंबई से पहुंची टीम

लैक्मे कंपनी की चार सदस्यीय जांच टीम और पुलिस बल ने लगभग एक लाख 20 हजार रुपये का नकली सौंदर्य प्रसाधन का सामान जब्त किया है। दरअसल, शहर के बाजार में लैक्मे कंपनी का फाउंडेशन, क्रीम आदि कंपनी के नाम से बेचा जा रहा था।

बालाघाट शहर में लंबे समय से नामी कंपनी के नाम से नकली सौंदर्य प्रसाधन सामग्री **(कॉस्मेटिक प्रोडक्ट)** बेचा जा रहा है। कंपनी को लगातार मिल रहीं शिकायत और प्रयोगशाला में हुई जांच के बाद मुंबई से आई टीम ने शुक्रवार को गुजरी बाजार में संचालित चार दुकानों पर दबिश दी। इस दौरान कोतवाली पुलिस टीम भी मौजूद रही।

लैक्मे कंपनी की चार सदस्यीय **जांच टीम** और पुलिस बल ने लगभग एक लाख 20 हजार रुपये का नकली सौंदर्य प्रसाधन का सामान जब्त किया है। दरअसल, शहर के बाजार में लैक्मे कंपनी का फाउंडेशन, क्रीम आदि कंपनी के नाम से बेचा जा रहा था। पैकिंग और लिखावट **हू - ब- हू** दिखने के कारण महिला ग्राहक इन नकली उत्पादों को बेधड़क खरीद रहीं हैं और इनका बेफिक्र होकर इस्तेमाल भी कर रही हैं

Source: https://www.naidunia.com/madhya-pradesh/balaghat-balaghat-news-fake-cosmetic-product-being-sold-in-the-market-goods-worth-rs-120-lakh-seized-team-reached-from-mumbai-8309031